**प्रेरणा**

कभी भी किसी को भला बुरा कहने से पहले यह अवश्य सोच ले कि यदि वही शब्द कोई आपसे कहे तो आपको कैसा प्रतीत होगा।

सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 06 JANUARY TO 12 JANUARY 2023 • VOLUME 25 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863



Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING | DESIGN | TRAINING

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD

Low Filing Charges & *Pay Money after the visa

•IELTS •STUDY ABROAD

CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE

E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663

REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.

*T&C apply


## औद्योगिक प्लॉट तबादले के मामले में पूर्व मंत्री और आईएएस समेत 10 अधिकारियों के ख़िलाफ़ केस दर्ज

### पंजाब राज्य औद्योगिक विकास निगम के 7 अधिकारियों/कर्मचारियों को किया गिरफ़्तार

• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने गुरूवार को पूर्व मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा और आईएएस अधिकारी नीलमा समेत पंजाब राज्य औद्योगिक विकास निगम (पीऐसआईडीसी) के 10 सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध एक औद्योगिक प्लॉट को एक डिवैलपर ( रियलटर) कंपनी को तबदील करने/विभाजित करने और प्लॉट काट कर टाउनशिप स्थापित करने की मंजूरी देने के दोषों के तहत अपराधिक मुकदमा दर्ज किया है। इस केस में रियलटर फर्म, गुलमोहर टाउनशिप प्राईवेट लिमिटिड के तीन मालिकों/भाईवालों को भी इस केस में नामज़द किया गया है।



इस केस में विजीलैंस ने पीऐसआईडीसी के 7 अधिकारियों को गिरफ़्तार किया है जिनमें अंकुर चौधरी अस्टेट अफ़सर, दविन्दरपाल सिंह जी. एम परसोनल, जे. एस. भाटिया चीफ़ जनरल मैनेजर (योजनाबंदी), आशिमा अग्रवाल एटीपी (योजनाबंदी), परमिन्दर सिंह कार्यकारी इंजीनियर, रजत कुमार डी. ए और सन्दीप सिंह एसडीई शामिल हैं जिन्होंने आपस में मिलीभुगत करके उक्त फर्म को अनुचित लाभ पहुँचाया।

राज्य विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि राज्य में उद्योगों को प्रफुल्लित करने के उद्देश्य से पंजाब सरकार ने साल 1987 में 'आनंद लैंपस लिमिटिड' कंपनी को सेल डीड के द्वारा 25 एकड़ ज़मीन अलॉट की थी जो बाद में 'सिगनीफायी इनोवेशन' नामक फर्म को तबदील कर दी गई थी। यह प्लॉट फिर पीऐसआईडीसी से एतराजहीनता सर्टिफिकेट प्राप्त करने के बाद सिगनीफायी इनोवेसनज ने सेल डीड के द्वारा गुलमोहर टाउनशिप को बेच दी थी। तत्कालीन उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा ने तारीख़ 17-03-2021 को उक्त प्लॉट की आगे विभाजन के लिए गुलमोहर टाउनशिप से प्राप्त पत्र उस समय की एमडी पीऐसआईडीसी को भेज दिया।

उन्होंने आगे बताया कि एम. डी., पी. एस. आई. डी. सी ने इस रियलटर फर्म के प्रस्ताव की जाँच करने के लिए एक विभागीय कमेटी का गठन कर दिया जिसमें एस. पी. सिंह कार्यकारी डायरैक्टर, अंकुर चौधरी अस्टेट अफ़सर, भाई सुखदीप सिंह सिद्धू, दविन्दरपाल सिंह जी. एम परसोनल, तेजवीर सिंह डी. टी. पी., (अब मृतक), जे. एस भाटिया चीफ़ जनरल मैनेजर (योजना), आशिमा अग्रवाल ए. टी. पी. (योजना), परमिन्दर सिंह कार्यकारी इंजीनियर, रजत कुमार डी. ए और सन्दीप सिंह एस. डी. ई शामिल थे।

उन्होंने बताया कि एसपी सिंह के नेतृत्व वाली कमेटी ने इस सम्बन्ध में प्रस्ताव रिपोर्ट, प्रोजैक्ट रिपोर्ट, आर्टीकल आफ एसोसिएशन और एसोसिएशन के मैमोरंडम का नोटिस लिए बिना उपरोक्त रियलटर फर्म को 12 प्लॉटों से 125 प्लॉटों में बाँटने के प्रस्ताव को मंज़ूरी के दी। इसके इलावा उक्त कमेटी ने पंजाब प्रदूषण रोकथाम बोर्ड, नगर निगम, बिजली बोर्ड, वन विभाग, राज्य फायर ब्रिगेड आदि की सलाह लिए बिना ही गुलमोहर टाउनशिप सम्बन्धी प्रस्तावों की सिफ़ारिश मंजूर कर दी थी।

प्रवक्ता ने बताया कि फोरेंसिक साईंस लैबारटरी की जांच के दौरान यह पाया गया है कि उक्त प्रस्ताव की फाइल में नोटिंग के दो पन्ने फाइल में जुड़े बाकी पन्नों के साथ मेल नहीं खाते। यह पाया गया कि उक्त कमेटी सदस्यों ने जाली दस्तावेज़ संलग्न किये हैं और उक्त आवेदन/प्रस्ताव की अच्छी तरह जांच नहीं की।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि साल 1987 की डीड अनुसार यह प्लॉट सिर्फ़ औद्योगिक उद्देश्यों के लिए ही इस्तेमाल किया जाना था जबकि उक्त गुलमोहर टाउनशिप की ऐसी कोई पृष्टभूमि नहीं है।

उन्होंने आगे बताया कि पी. एस. आई. डी. सी. के नियमों अनुसार साल 1987 से प्लॉटों की फीस 20 रुपए प्रति गज और 3 रुपए प्रति साल के हिसाब से वसूली जानी थी, जो कि कुल 1,21,000 वर्ग गज के लिए कुल 1,51,25,000 रुपए बनती थी। परन्तु हैरानीजनक बात यह रही कि दोषी फर्म ने पहले ही आवेदन के साथ 27,83,000 रुपए का पे आर्डर साथ संलग्न कर दिया था जबकि पी. एस. आई. डी. सी. द्वारा ऐसी कोई भी माँग नहीं थी की गयी जिस कारण पंजाब सरकार को 1,23,42,000 रुपए का वित्तीय नुकसान हुआ है।

## 25 हज़ार नौकरियां एक साल में देने का वायदा केवल 9 महीनों में किया पूरा : भगवंत मान

### बोले- शिक्षा, रोज़गार और स्वास्थ्य क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव का गवाह बनेगा यह साल, 3910 मास्टर काडर अध्यापकों को सौंपे नियुक्ति पत्र

• **जालंधर ब्रीज.लुधियाना**

राज्य सरकार की तरफ से सिर्फ़ नौ महीनों में रिकार्ड 25 हज़ार से अधिक नौजवानों को नौकरियाँ देने का बड़ा वायदा पूरा करने की बात कहते हुये पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि साल 2023 शिक्षा, रोज़गार और स्वास्थ्य क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलावों का गवाह बनने जा रहा है। यहाँ 3910 मास्टर कैडर अध्यापकों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने सरकार बनने के बाद वायदा किया था कि पहले साल के दौरान 25 हज़ार नौकरियाँ दीं जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए बेहद मान और तसल्ली वाली बात है कि अलग-अलग विभागों में 25 हज़ार से अधिक नौजवानों को नौकरियां देकर इस वायदे को सिर्फ़ नौ महीनों में ही पूरा कर लिया गया। भगवंत मान ने कहा कि इन नौकरियों के लिए सिर्फ़ एकमात्र मापदंड मेरिट और योग्यता रखा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ़ शिक्षा क्षेत्र में ही 6635 ई. टी. टी. अध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है, जबकि



5994 और अध्यापकों की भर्ती का नया विज्ञापन भी जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि इस भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू तरीके से जल्द मुकम्मल कर लिया जायेगा। भगवंत मान ने कहा कि तकरीबन 23 हज़ार कच्चे मुलाजिमों की सेवाएं भी रेगुलर की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोज़गार जैसे तीन क्षेत्र हमारी सरकार के प्राथमिक क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा साल के दौरान यह तीनों ही क्षेत्र अहम बदलाव का गवाह बनेंगे क्योंकि राज्य सरकार इन क्षेत्रों के विकास के लिए उत्साह के साथ काम कर रही है। भगवंत मान ने कहा कि राज्य सरकार का ध्यान इन क्षेत्रों में मुलाजिमों की भर्ती और बुनियादी ढांचे का विकास करके राज्य के हुनरमंद नौजवानों के विदेशों में जाने के रुझान को रोकने पर केन्द्रित है। नियुक्ति पत्र हासिल करने वाले अध्यापकों को मुबारकबाद देते हुये मुख्यमंत्री ने अध्यापकों की तुलना 'दूसरे माता-पिता' के तौर पर की, जो एक बच्चे के समूचे विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नव-नियुक्त अध्यापकों को विद्यार्थियों के भविष्य का नक्शा बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का न्योता दिया। भगवंत मान ने कहा कि इन विद्यार्थियों की पढ़ाई में कोई कसर बाकी नहीं रहनी चाहिए।

### मुख्यमंत्री ने हलवारा में निर्माणाधीन सिविल एयर टर्मिनल का किया दौरा

**हलवारा (लुधियाना) :** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरूवार को सिविल एयर टर्मिनल हलवारा में चल रहे काम का निरीक्षण किया और अधिकारियों को काम में तेज़ी लाने के लिए कहा जिससे इसको जल्दी से जल्दी पूरा किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कामों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को हिदायत की कि काम को समयबद्ध ढंग से मुकम्मल किया जाये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सिविल एयर टर्मिनल के काम को जल्दी मुकम्मल करने के लिए पहले ही 50 करोड़ रुपए जारी कर चुकी है। इस प्रोजैक्ट को जल्द मुकम्मल करने पर ज़ोर देते हुये भगवंत मान ने कहा कि यह प्रोजैक्ट पंजाब को हवाई संपर्क के नक्शे पर आगे बढ़ाएगा और यात्रियों के समय, पैसे और ऊर्जा की बचत करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए इस प्रोजैक्ट को समय पर मुकम्मल करना समय की ज़रूरत है।

## ख़ाद्य एवं सिविल सप्लाई मंत्री द्वारा ट्रक ऑपरेटरों की अदायगियां 31 जनवरी तक किये जाने के हुक्म

• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**

पंजाब सरकार राज्य के हर वर्ग की भलाई और उनका जीवन स्तर ऊँचा उठाने के लिए पूर्ण तौर पर वचनबद्ध है। यह विचार गुरूवार को सैक्टर 39 के अनाज भवन में राज्य के ख़ाद्य, सिवल सप्लाई और उपभोक्ता मामले के मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने ट्रक ऑपरेटरों के साथ एक मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए प्रकट किये।

कटारूचक्क ने विभागीय अधिकारियों को हिदायतें दीं कि ट्रक ऑपरेटरों को बनती अदायगियां 31 जनवरी, 2023 तक हर हालात में अदा कर दीं जाएँ और इस सम्बन्धी सभी जिलों को हिदायतें की जाएँ जिससे इस वर्ग को आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े। इस मौके पर उन्होंने



ट्रक ऑपरेटरों को 3 सदस्यीय कमेटी बनाने के लिए भी कहा जिससे भविष्य में किसी भी मसले सम्बन्धी खुल कर सरकार के साथ विचार-विमर्श किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी ट्रकों में जल्दी ही जीपीएस प्रणाली लगाई जायेगी जिससे कामकाज में और भी पारदर्शिता लाई जा सके।

## अमित शाह ने कांग्रेस पर साधा निशाना, बताई अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की तारीख

**नई दिल्ली.** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने गुरूवार को साफ तौर पर कहा है कि कांग्रेस ने राम मंदिर निर्माण को लेकर लगातार उलझने पैदा की हैं। त्रिपुरा में उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बनना चाहिए कि नहीं बनना चाहिए, जबसे बाबर तोड़ कर गया तब से और जब से देश आजाद हुआ तब से, कांग्रेसी इसको कोर्ट के अंदर उलझा रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने अपना



फैसला सुनाया। शाह ने कहा कि मोदी जी ने उसी दिन राम मंदिर का भूमि पूजन पूरा कर मंदिर निर्माण शुरू कराया। 1 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर तैयार मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमने कश्मीर से धारा 370 हटाने का काम किया, कांग्रेस कहती थी खून की नदियां बह जाएंगी, लेकिन कश्मीर में शांति का वातावरण बन गया है।

कांग्रेस पर हमला करते हुए अमित शाह ने कहा कि सोनिया-मनमोहन सरकार में आए दिन पाकिस्तान से घुसपैठिए आकर हमारे जवानों को मारकर चले जाते थे, लेकिन सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती थी। मोदी जी आए तो उरी और पुलवामा में उन्होंने गलती की, लेकिन वो भूल गए अब यहां मोदी सरकार है। पाकिस्तान को करारा जवाब देने का काम मोदी जी ने किया।

## केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने मोहाली में किया एनजीईटीसी का उद्घाटन



• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को राष्ट्रीय कृषि-खाद्य जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (एनएबीआई) मोहाली, पंजाब में " राष्ट्रीय जीनोम संपादन एवं प्रशिक्षण केंद्र (एनजीईटीसी)" का उद्घाटन किया। उन्होंने इसके साथ-साथ ही खाद्य और पोषण सुरक्षा पर 4 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन - आईएफएएनएस 2023 का भी उद्घाटन किया।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि कृषि-प्रौद्योगिकी (एग्री-टेक) स्टार्टअप्स की भारत में विशेष क्षमता है और इस अवधारणा को सफल बनाने के लिए देश के सभी हितधारकों द्वारा अधिक जागरूकता लाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रोत्साहन के कारण स्टार्टअप्स आंदोलन ने भारत में गति पकड़ी है और अभी तक 80,000 से अधिक स्टार्ट - अप्स का निर्माण किया गया है, जिनकी संख्या 2014 से पहले लगभग 350 ही थी।

मंत्री ने कहा कि स्टार्ट- अप्स की संख्या में यह उछाल कृषि और जैव-प्रौद्योगिकी (बायो-टेक) में समान रूप से और आनुपातिक रूप से परिलक्षित होना चाहिए क्योंकि इस क्षेत्र का अभी पूरी तरह से पता लगाया जाना है और भारतीय उद्यमियों और युवाओं द्वारा इसका लाभ उठाया जाना शेष है। उन्होंने कृषि- प्रौद्योगिकी उद्यमिता में आकर्षक आजीविका और आय के अवसरों के बारे में जागरूकता पैदा करने पर बल दिया।

'राष्ट्रीय जीनोम संपादन एवं प्रशिक्षण केंद्र (नेशनल जीनोम एडिटिंग एंड ट्रेनिंग सेंटर एनजीईटीसी)' का उद्घाटन किया गया, यह एक ही परिसर वाली अत्याधुनिक सुविधा है, जो मध्यस्थता जीनोम संशोधन सहित क्लस्टर्ड रेग्युलरली इंटरस्पेस्ड शॉर्ट पैलिनड्रॉमिक रिपीट्स- सीएएस (सीआरआईएसपीआर- कैस) की विभिन्न जीनोम संपादन विधियों को अनुकूलित करने के लिए क्षेत्रीय जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से एक राष्ट्रीय मंच के रूप में काम करेगी।

## सांसद संजीव अरोड़ा ने पंजाब से जुड़े मुद्दों को एनएचएआई के नए चेयरमैन संतोष कुमार यादव के समक्ष उठाया

• **जालंधर ब्रीज.लुधियाना**

संजीव अरोड़ा, सांसद (राज्यसभा) ने आज दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के 1995 बैच के यूपी कैडर के नवनियुक्त चेयरमैन आईएएस अधिकारी संतोष कुमार यादव से मुलाकात की और पंजाब और विशेष रूप से लुधियाना से संबंधित एनएचएआई के मुद्दों के बारे में विस्तार से चर्चा की। अरोड़ा ने यहां एक बयान में यह जानकारी देते हुए बताया कि लुधियाना में एनएचएआई के संबंध में लंबित मुद्दों को उठाते हुए उन्होंने सार्वजनिक महत्व के मामले की ओर ध्यान आकर्षित किया, जिसमें लुधियाना और इसके आसपास एनएचएआई की लंबित परियोजनाओं के कारण जनता और यात्रियों को होने वाली असुविधा के संबंध में ध्यान




आकर्षित किया गया।

अरोड़ा ने शेरपुर बाईपास के लंबित कार्य को शीघ्र पूरा करने की मांग करते हुए कहा कि लम्बित परियोजना वास्तव में प्रतिदिन आने-जाने वालों के लिए परेशानी पैदा कर रही है क्योंकि 500 मीटर के पैच को पार करने में लगभग 30 मिनट का समय लगता है। उन्होंने चेयरमैन को यह भी अवगत कराया कि लुधियाना में साउथ सिटी की ओर सिधवां नहर पर 4 पुलों का निर्माण अभी तक पूरा नहीं हुआ है, जिसके लिए आवेदन लंबे समय से एनएचएआई के पास लंबित है। उन्होंने चेयरमैन से व्यक्तिगत रूप से मामले को देखने और आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया। इसके अलावा, अरोड़ा ने एनएचएआई के चेयरमैन को अवगत कराया कि लुधियाना देश के सबसे बड़े औद्योगिक शहरों में से एक है और 5 मिलियन से अधिक आबादी के साथ लंबित परियोजनाओं के कारण यातायात की स्थिति दयनीय हो जाती है। इसलिए, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लुधियाना और उसके आसपास लंबित परियोजनाओं में तेजी देने का निर्देश देने का अनुरोध किया।

अरोड़ा ने लुधियाना में एनएचएआई के काम में तेजी लाने के लिए भी मामलों को उठाया। एनएचएआई द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने चेयरमैन का ध्यान उन मामलों की ओर आकृष्ट किया जिसमें उन्होंने तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता बताई। उन्होंने चेयरमैन को अवगत कराया कि शहर से गुजरने वाली एनएचएआई परियोजनाओं के कारण लुधियाना नगर निगम की सीमा के भीतर यातायात की स्थिति खराब है और यात्रियों के लिए एक बुरा सपना है। बार-बार और लंबा ट्रैफिक जाम लगने से नागरिक अपना आपा खो रहे हैं क्योंकि कार्यालय और घरों के बीच आने-जाने में लंबा समय लगता है। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे स्थिति का जायजा लेने और जल्द से जल्द कार्य में तेजी लाने के लिए आवश्यक पहल करने का निर्देश दें, जिससे यातायात की स्थिति से निजात मिल सके।

अरोड़ा ने कहा कि एनएचएआई के चेयरमैन ने उन्हें आश्वासन दिया कि शहर में चल रही एलिवेटेड रोड परियोजना जून 2023 तक शत-प्रतिशत पूरी हो जाएगी। चेयरमैन ने अरोड़ा को आश्वासन दिया कि लुधियाना में साउथ सिटी की ओर सिधवां नहर पर 4 पुलों के निर्माण की परियोजना की प्रक्रिया भी इस साल के अंत तक पूरी कर ली जाएगी। अरोड़ा ने कहा कि लुधियाना के नागरिक इस अवधि के दौरान इन चार पुलों के निर्माण की पुरजोर मांग उठा रहे हैं और प्रमुख नागरिक गगन खन्ना, राधिका जेतवानी, और मंजुला जैन उनमें से हैं जिन्होंने व्यक्तिगत रूप से उनके साथ इस मामले को उठाया है।

# न्यू ईयर पर रोमांटिक ट्रिप के लिए बेस्ट हैं साउथ इंडिया की ये डेस्टिनेशन्स



TRAVELLING

ये डेस्टिनेशन्स उन लोगों के लिए बहुत अच्छी है, जो नेचर लवर है। यहां आपको तरह-तरह के जायके भी चखने को मिलेंगे। साउथ इंडिया की ज्यादातर जगह बहुत ही खास हैं।

• **जालंधर ब्रीज.** सेलिब्रेशन

आप अगर रोमांटिक गेटवे की तैयारी में हैं, तो अपने पार्टनर के साथ न्यू ईयर मनाने के लिए साउथ इंडिया की जगह बेस्ट हैं। ये डेस्टिनेशन्स उन लोगों के लिए बहुत अच्छी है, जो नेचर लवर है। यहां आपको तरह-तरह के जायके भी चखने को मिलेंगे। साउथ इंडिया की कुछ जगह तो इतनी खास है कि आप एक बार घूमने के बाद यहां बार-बार घूमना चाहेंगे। न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए ये बेस्ट डेस्टिनेशन्स हैं।

**हंपी :** कपल्स के लिए कर्नाटक का हंपी किसी फन डेस्टिनेशन से कम नहीं है। यहां आप बोल्डरिंग, साइकिलिंग और बहुत-सी चीजों का आनंद ले सकते हैं। यहां सनसेट बहुत ही सुंदर लगता है। तुंगभद्रा नदी के पार ग्लाइडिंग बोट्स भी हैं।

**मुन्नार :** दक्षिण भारत में सबसे पॉप्युलर हिल स्टेशन है। हिल स्टेशन वाली यह डेस्टिनेशन टूरिस्ट के लिए सबसे शानदार जगह मानी जाती है। कम्फर्टेबल होमस्टे और लक्जरी रिसॉर्ट, जंगल और खूबसूरत ड्राइव का मजा लेना है, तो मुन्नार घूमने जरूर आएं।

**अंडमान और निकोबार :** आपने अंडमान और निकोबार के बारे में काफी कुछ सुना होगा। अब वक्त है कि यहां आकर आप खुद देखें कि यहां क्या खास है। खास चीजों की बात करें, तो लक्ज़री क्रूज़ से लेकर आइलैंड होपिंग से लेकर स्कूबा डाइविंग तक आपको यहां बहुत कुछ मिल जाएगा।

**पुडुचेरी :** पुडुचेरी में वह सब कुछ है जो एक रोमांटिक ट्रिप को और ज्यादा स्पेशल बनाएगा। यहां आपको कोंकणी हेरिटेज देखने के साथ फ्रेंच क्यूजिन का आनंद लेने का मौका भी मिलेगा। पुडुचेरी घूमने आएं, तो कम से कम 3-4 दिनों की छुट्टी लेकर जरूर आएं।

## GIFT TIPS

# साल 2023 में मेकअप से जुड़े ये ट्रेंड्स कर रहे हैं आपका इंतजार, एक्सपर्ट ने बताया किन चीजों को लोग कर रहे हैं पसंद



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

बात चाहे फैशन की हो या मेकअप की, लोग साल 2023 में लेटेस्ट ट्रेंड को फॉलो करना चाहते हैं। अगर आप भी ऐसा ही सोचते हैं तो ये खबर आपके लिए ही है। इस खबर में आपको बताएंगे कि आने वाला साल यानी साल 2023 में कौन से मेकअप ट्रेंड्स आपका इंतजार कर रहे हैं। जिसे जानने के लिए हमने बात की सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट प्रिया गुलाटी से। प्रिया गुलाटी के इन मेकअप टिप्स को फॉलो करके आप अपनी न्यू ईयर पार्टी में सेलेब्रिटी जैसा परफेक्ट मेकअप लुक बड़ी आसानी से पा सकती हैं।

**1 नेचुरल मेकअप का है चलन :** लोग नेचुरल मेकअप को अपनी पसंद बना रहे हैं। आजकल देखा जाता है कि लोग ज्यादा हैवी फाउंडेशन का इस्तेमाल न करके नेचुरल लुक को अपनी जिंदगी का हिस्सा बना रहे हैं और यही ट्रेंड साल 2023 में भी देखने को मिलेगा।

**2 आंखों के लिए ब्राइट एंड बोल्ड लुक :** आंखों के लिए इस साल सबसे ज्यादा ब्राइट और बोर्ड आईशैडो ट्रेंड में रहेंगे। वही कलर की बात की जाए तो ब्लू, ग्रीन और पर्पल को लोग सबसे ज्यादा पसंद कर रहे हैं। वहीं 2023 में भी ब्राइट और बोर्ड आईशैडो को अपनी पसंद बनाया जाएगा।

**3 लिप कलर थोड़ा हटकर :** साल 2023 में बोल्ड लिप कलर्स का ट्रेंड रहने वाला है। साल 2022 में भी बोर्ड लिप कलर को सबसे ज्यादा पसंद किया गया। ऐसे में आने वाले साल में यह चलन बरकरार रहेगा। लिप कलर्स के लिए ब्राइट्स कलर्स का चुनाव करना एक बेहतर विकल्प हो सकता है।

**4 कंटूरिंग हैं चलन में :** मेकअप की दुनिया में कंटूरिंग भी काफी पसंद किया जा रहा है। साल 2022 में कंटूरिंग के साथ मेकअप को और यूनीक बनाया गया। बता दें कि इस चलन में तरह तरह के प्रोडक्ट का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे आपके चीकबोंस और नॉज एक परफेक्ट शेप में दिखा सके। कंटूरिंग के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले प्रोडक्ट ज्यादा रूप में नहीं लगाए जाते। लेकिन यह एक फाइनल टच के रूप में देखे जा सकते हैं।

**5 स्मोकी आईज का है ट्रेंड :** आज के दौर में लोग पार्टी या शादी में शामिल होने के लिए स्मोकी आईज का फैशन कैरी कर रहे हैं। इसके लिए वे ग्रीन ब्राउन या ब्लैक के मल्टी शेड्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। वही आर्टिफिशियल लैशेज स्मोकी आईज को और अच्छा बनाती हैं। 2023 में भी यही लुक कैरी होने की संभावना है।

**6 पॉप आईलाइनर :** 2023 में कलरफुल आईलाइनर काफी चलन में रहेगा। लोग आईलाइनर के रूप में तरह-तरह के रंगों का इस्तेमाल करेंगे। खासतौर पर गर्मियों के मौसम में यह आईलाइनर्स काफी देखने को मिलेंगे। इन कलर्स में बैगनी, गुलाबी और हरा रंग शामिल होगा।

**7 स्टेटमेंट ब्रो :** आईब्रो चेहरे के हिसाब से बनवाई जाएं तो ज्यादा अच्छा है। यदि कोई व्यक्ति बिग, बोल्ड आइब्रो बनवा रहा है तो इसका मतलब ये बिल्कुल नहीं कि आप भी वही लुक कैरी करें। ऐसे में एक्सपर्ट से मदद लें कि आपके फेस पर किस तरह की आइब्रो अच्छी लगेगी।

**नोट :** इन टिप्स को देखते हुए पता चलता है कि साल 2023 में बोल्ड और डेयरिंग मेकअप लुक्स को काफी पसंद किया जाने वाला है। इस साल स्टेटमेंट आईशैडो के आने से लेकर मोनोक्रोम मेकअप तक को लोग अपने मेकअप का हिस्सा बनाएंगे। ऐसे में आप अभी से ही अपने पसंदीदा प्रोडक्ट को चुनकर सुंदर और आकर्षक दिखने का शौक पूरा कर सकती हैं।




# न्यू ईयर पर चाय और कॉफी के साथ सर्व करने के लिए बनाएं मल्टीग्रेन ब्रेड



सबसे खास बात यह है कि रेसिपी जल्दी बनकर तैयार हो जाती है। आप मल्टीग्रेन ब्रेड में 8-10 रख सकते हैं लेकिन याद रखें कि आपको इसे एयरटाइट कंटेनर में ही रखें।

• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

चाय और कॉफी के साथ मल्टीग्रेन बहुत ही अच्छी लगती है। सबसे खास बात यह है कि रेसिपी जल्दी बनकर तैयार हो जाती है। आप मल्टीग्रेन ब्रेड में 8-10 रख सकते हैं लेकिन याद रखें कि आपको इसे एयरटाइट कंटेनर में ही रखना है और इसमें पाई नहीं जाने देना है। पानी की एक बूंद जाने से भी ब्रेड में फंफूदी लग सकती है। आइए, जानते हैं मल्टीग्रेन ब्रेड रेसिपी-

**मल्टीग्रेन ब्रेड बनाने की विधि-**

मल्टीग्रेन ब्रेड बनाने के लिए सबसे पहले एक बड़े बाउल में मल्टीग्रेन आटा 2 चम्मच तिल, 2 चम्मच अलसी के बीज, 2 चम्मच कद्दू के बीज, 2 चम्मच खसखस, 2 चम्मच सूरजमुखी के बीज और चार चम्मच ऑलिव ऑयल डालकर मिला लें। अब एक अलग कटोरे में, खमीर को गर्म पानी में मिलाएं। कुछ ही मिनटों में पानी क्रीमी हो जाना चाहिए।

अब इस पानी को मैदा के बर्तन में डाल दें। नमक, ब्राउन शुगर डालें और सभी चीजों को अच्छी तरह से मिला लें। आटा गूंद जाने के बाद इस पर ऑलिव ऑयल अप्लाई करने के बाद इसे अच्छी तरह से कोट कर दें। 20 मिनट के लिए आटे को फूलने के लिए रख दें।

अब ओवन को प्रीहीट करें और एक बेकिंग ट्रे में बीज फैलाएं, उस पर आटा डालें और दबाएं। इसे बटर लगाकर स्मूद कर लें। इसके ऊपर भीगे हुए बीज भी डाल दें।

ओवन को 250 डिग्री C (480 डिग्री F) पर प्रीहीट करें। 20 मिनट तक बेक करें और ठंडा करने के बाद चाय या कॉफी के साथ सर्व करें।

# बच्चों को स्मार्ट और शांत भी बनाता है रोजाना गले लगाना, जानें फायदे



POSITIVITY

• **जालंधर ब्रीज.** पेरेंटिंग

एक मां जब अपने बच्चे को गले लगाती है तो उसके बच्चे में आराम और सुरक्षा की भावना पैदा होती है, जो बच्चों में लंबे समय तक रहती है। भले ही बच्चे तोहफे के शौकीन होते हैं लेकिन गले लगाना उन्हें इससे भी ज्यादा खुशी देता है।

**• बच्चे के साथ बनता है बॉन्ड**

शिशु अपनी मां के स्पर्श को पहली बार में ही समझ जाता है। मां जिस स्नेह से अपने बच्चे को गले लगाती है, उसे बच्चे आसानी से समझ जाते हैं।नियमित गले लगाने से मां और उसके बच्चे के बीच एक बॉन्ड क्रिएट होता है।

**• स्मार्ट बनते हैं बच्चे** - बच्चे को बार-बार गले लगाने से उनका मन भावनात्मक रूप से उत्तेजित होता है, जो उन्हें मानसिक रूप से विकसित होने में मदद करता है। गले लगाने से बच्चे को मानसिक और शारीरिक दोनों तरह के विकास में मदद मिलती है। इससे बच्चे खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं। जेनेटिक साइकोलोजी मोनोग्राफ में प्रकाशित स्टडी के अनुसार, जिन बच्चों को 10 सप्ताह तक रोज गले लगाया गया, उन्होंने डेवलपमेंट असेसमेंट में दूसरे बच्चों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया।

**• बच्चों को रखता है हेल्दी**- गले लगाने से ऑक्सीटॉसिन हार्मोन रिलीज होता है, जो सुरक्षा, प्यार, और विश्वास से जुड़ा होता है। यह हार्मोन शरीर के समग्र स्वास्थ्य को भी प्रभावित करके बच्चे के शारीरिक विकास में सहायता करता है। जिससे बच्चे को हेल्दी बनाए रखने में भी मदद मिलती है।

**• कॉन्फिडेंस बढ़ता है** - हग करने से आपके बच्चे को लगता है कि आप उनसे बहुत प्यार करती हैं और उसकी फैमिली उसकी बहुत केयर भी करती है। इससे उनके मन में एक सकारात्मक नजरिया बनता है और वह अपनी जिंदगी की ओर बहुत आत्म विश्वास और साकारातमकता से देखते हैं।

**• भीतर से मजबूत और शांत बनाता है**- जब भी आपका बच्चा दुखी हो या रोने लगे तो बस उसे गले लगा लें। आपके ऐसा करने से बच्चा अनुशासन में रहता है और आपकी बात भी मानता है। जब बच्चा शांत हो जाए तो उससे बात करें और समझाएं कि वो कैसे अपने गुस्से को कंट्रोल कर सकता है।

# 2023 में हेल्दी रहना है तो करें फॉलो ये न्यू ईयर रेजोल्यूशन

**किसी के लिए एंगर मैनेजमेंट न्यू ईयर रेजोल्यूशन है, तो कोई नए साल से अपने इमोशन्स पर कंट्रोल रखना चाहता है। हेल्दी रहने के लिए आपको कुछ रेजोल्यूशन जरूर फॉलो करने चाहिए।**

HEALTH+




• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ

नए साल पर हर कोई रेजोल्यूशन बनाता है। अपनी लाइफ की सिचुएशन और एक्सपीरियंस के हिसाब से हर किसी का रेजोल्यूशन अलग होता है। किसी के लिए एंगर मैनेजमेंट न्यू ईयर रेजोल्यूशन है, तो कोई नए साल से अपने इमोशन्स पर कंट्रोल रखना चाहता है। ऐसे में इन सभी डिफरेंट रेजोल्यूशन के अलावा कुछ रेजोल्यूशन ऐसे भी हैं, जो हम सभी के लिए बहुत जरूरी है। खासकर 2023 में पूरे साल अगर आप हेल्दी रहना चाहते हैं, तो आपको अपनी रेजोल्यूशन लिस्ट में इन बातों को जरूर शामिल करना चाहिए।

**स्लीपिंग रूटीन ठीक करना**

कई लोग लेट नाइट तक जागकर मूवी या वेबसीरीज देखते रहते हैं। ऐसा करने से न सिर्फ आपकी नींद खराब होती जाती है बल्कि आंखें भी कमजोर हो सकती है। ऐसे में आपको अपने मन को समझाना होगा कि हेल्दी रहने के लिए लेट नाइट सोना और फिर देर से जागना अच्छा ऑप्शन नहीं है। हम सभी को न्यू ईयर पर अपने स्पीलिंग रूटीन पर काम करना चाहिए।

**अपना पेंडिंग वर्क टाइम पर पूरा करना**

किसी काम को अधूरा छोड़ देना आपके दिमाग पर बुरा असर डालता है। इससे आपको चिड़चिड़ापन रहता है। ऐसे में फिर्जूल के स्ट्रेस से पीछा छुड़वाने के लिए आपको पेंडिंग वर्क को टाइम से पहले ही पूरा करने की आदत डालनी होगी।

**खूब पानी पीना**

आपको यह रेजोल्यूशन थोड़ा फनी लग सकता है लेकिन हेल्दी रहने के लिए यह सबसे जरूरी स्टेप है। पानी पीने से आपकी शरीर से टॉक्सिक बाहर निकल जाते हैं और आप कम से कम बीमार पड़ते हैं, इसलिए हेल्दी रहने और ग्लोइंग स्किन पाने के लिए आपको खूब पानी पीना चाहिए।

**घर का खाना जरूरी**

पार्टी या फिर किसी फैमिली फंक्शन में बाहर का खाना हो ही जाता है। ऐसे में आम दिनों में बाहर के खाने को बैलेंस करने का यही तरीका है कि आप घर का खाना ही खाएं। खासतौर पर दिन की शुरुआत यानी ब्रेकफास्ट में घर का हेल्दी खाना ही खाएं।

**वर्कआउट**

वर्कआउट का मतलब यह नहीं होता कि आप जिम जाना ही शुरू करें बल्कि आप घर पर भी लाइट वर्कआउट कर सकते हैं। घर का खुद करना भी एक तरह से वर्कआउट ही है। खाना खाने के बाद टहलें और दिन की शुरुआत मेडिटेशन से करें।

**पढ़ने की आदत**

जब आप पूरा दिन वेब सीरीज देखते हुए बिता सकते हैं, तो दिन के कुछ घंटे अच्छी किताबे पढ़ने के लिए तो निकाल ही सकते हैं। आपको अगर पढ़ना पसंद नहीं है, तो एक दिन में 2-3 पेज पढ़ने से ही शुरुआत करें। पढ़ने से आपका दिमाग शांत रहता है।

# और भी कड़े शब्दों का इस्तेमाल कर सकता था, पाकिस्तान को जयशंकर का करारा जवाब

*भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाई है। जयशंकर ने कहा कि वह पाकिस्तान को आतंकवाद का केंद्र बताने के अलावा और भी कड़े शब्दों का इस्तेमाल कर सकते थे।*



**• जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाई है। जयशंकर ने कहा कि वह पाकिस्तान को आतंकवाद का केंद्र बताने के अलावा और भी कड़े शब्दों का इस्तेमाल कर सकते थे। उन्होंने यह बातें ऑस्ट्रिया के नेशनल ब्रॉडकास्टर 'ओआरएफ' को इंटरव्यू के दौरान कहीं। साथ ही उन्होंने कहा कि दुनिया को आतंकवाद को लेकर चिंतित होने की जरूरत है। जयशंकर ने आतंकवाद की चिंता नहीं करने को लेकर यूरोपीय देशों की भी आलोचना की है।

## सीमापार से भेजता है आतंकी

जयशंकर ने कहा कि आप एक राजनयिक हैं, इसका अर्थ यह नहीं है कि आप बातों को घुमा फिरा कर कहें। उन्होंने कहा कि मैं 'केंद्र' से अधिक कड़े शब्दों का उपयोग कर सकता था। इसलिए विश्वास करें कि जो कुछ हमारे साथ घट रहा है, उसको देखते हुए केंद्र अधिक राजनयिक शब्द है। विदेश मंत्री ने पाकिस्तान के लिए 'आतंकवाद का केंद्र' शब्द के उपयोग पर पूछे गए सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने पाकिस्तान के संदर्भ में कहा कि यह एक ऐसा देश है जिसने कुछ वर्ष पहले भारत की संसद पर हमला किया, जिसने मुम्बई शहर पर हमला किया, जो होटलों और विदेशी पर्यटकों तक गया और जो प्रतिदिन सीमापार से आतंकवादियों को भेजता है।

क्या उनकी सरकार को जानकारी नहीं?

जयशंकर ने कहा कि अगर दिन-दहाड़े शहरों में आतंकी अड्डे चल रहे हों, भर्तियां एवं वित्तपोषण हो रहा हो...तब वास्तव में आप बताए कि क्या पाकिस्तान की सरकार को इसकी जानकारी नहीं होगी कि क्या हो रहा है ? खासतौर पर तब जब सैन्य स्तर का प्रशिक्षण दिया जा रहा हो। उन्होंने कहा कि इसलिए जब हम फैसले और सिद्धांतों की बात करते हैं, तो यूरोप इसकी कड़ी आलोचना क्यों नहीं करता, जो दशकों से चल रहा है। यह पूछे जाने पर कि क्या दुनिया को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की आशंका से चिंतित होना चाहिए, इस पर विदेश मंत्री ने कहा कि मैं समझता हूं कि दुनिया को आतंकवाद के बारे में चिंतित होना चाहिए। मैं समझता हूं कि दुनिया को इस बात से चिंतित होना चाहिए कि आतंकवाद जारी है और अक्सर दुनिया कहीं और देख रही है। दुनिया अक्सर यह सोचती है कि यह उसकी समस्या नहीं है क्योंकि यह किसी दूसरे देश में घट रही है।

## पाकिस्तान पर कही थी यह बात

पाकिस्तान का संदर्भ देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि सीमा पार से होने वाले आतंकवाद को किसी एक क्षेत्र के अंदर सीमित नहीं किया सकता, खासतौर पर जब वह मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी तथा अंतरराष्ट्रीय अपराधों के अन्य स्वरूपों से गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने किसी देश का नाम लिये बिना कहा था कि चूंकि इसका केंद्र (आतंकवाद) भारत के काफी करीब स्थित है तो स्वाभाविक तौर पर हमारा अनुभव दूसरों के लिये उपयोगी हो सकता है। जयशंकर ने कहा कि मैं सोचता हूं कि दुनिया को इस बात की चिंता करनी चाहिए कि वह कितनी गंभीरता एवं कितनी मजबूती के साथ आतंकवादियों की चुनौती को लेती है। गौरतलब है कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को ऑस्ट्रिया के अपने समकक्ष एलेक्जेंडर शालेनबर्ग के साथ कई क्षेत्रीय और वैश्विक स्थितियों पर खुलो और सार्थक चर्चा की थी। दोनों पक्षों ने भारतीय छात्रों और पेशेवरों के लिए प्रवासन एवं यात्रा सुगमता सहित कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

# मुख्यमंत्री द्वारा नशों के ख़िलाफ़ जंग तेज़, नशा तस्करों की जायदाद ज़ब्त करने के हुक्म



**• जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

राज्य में नशों की कुरीति के ख़िलाफ़ जंग और तेज़ करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज अधिकारियों को नशा तस्करी के घृणित जुर्म में शामिल तस्करों की जायदाद कुर्क करने के हुक्म दिए हैं।


राज्य में अमन-कानून की व्यवस्था का जायज़ा लेने के लिए मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने नशों के बीमारी को जड़ से उखाड़ने के लिए राज्य सरकार की दृढ़ वचनबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नशों की तस्करी में शामिल बड़ी मछली को पहले ही जेल की सलाखों के पीछे पहुँचा दिया है। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों के ख़िलाफ़ सख़्त कार्यवाही करते हुए तुरंत इनकी जायदाद ज़ब्त की जाये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कानून में अपेक्षित संशोधन करने की ज़रूरत हुई तो तुरंत किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी पुलिस अधिकारी के अधिकार क्षेत्र में नशा की बिक्री का मामला सामने आया तो इस कोताही के लिए वह अधिकारी ही जवाबदेह होगा। भगवंत मान ने कहा कि नशों की तस्करी में शामिल अधिकारियों के ख़िलाफ़ भी सख़्त से सख़्त कार्यवाही की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कहा कि गाँव वासियों की तरफ से अपने-अपने गाँवों को नशा मुक्त बनाने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास करने को यकीनी बनाया जाये। भगवंत मान ने कहा कि इनको ग्रामीण विकास फंड के अंतर्गत दी जातीं ग्रांटें और अन्य लाभ देने को प्राथमिकता दी जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव पास करने वाले गाँवों की सुरक्षा को पूरी तरह यकीनी बनाया जायेगा।

# ईरान की चेस प्लेयर ने बिना हिजाब पहने खेला मैच, फोन पर मिलने लगीं धमकियां; देश छोड़ने को हुईं मजबूर

*ईरान में महिलाओं के लिए सख्त ड्रेस कोड के तहत हिजाब पहनना अनिवार्य है। इसके बावजूद सारा खादेम ने पिछले हफ्ते अल्माटी में फिडे वर्ल्ड रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप में हिजाब के बिना हिस्सा लिया।*



**• जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज

ईरान में महिला चेस प्लेयर को बिना हिजाब पहने मैच खेलने पर देश में वापस न लौटने का फरमान जारी हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी शतरंज खिलाड़ी सारा खादेम अपने देश वापस न लौटने को चेतावनी मिलने के बाद स्पेन पहुंचीं हैं। खादेम ने ईरान में राष्ट्रव्यापी विरोध के बीच कजाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिजाब के बिना ही मुकाबले में हिस्सा लिया था, जिसे लेकर उन्हें धमकियां मिल रही हैं।


ईरान में महिलाओं के लिए सख्त ड्रेस कोड के तहत हिजाब पहनना अनिवार्य है। इसके बावजूद सारा खादेम ने पिछले हफ्ते अल्माटी में फिडे वर्ल्ड रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप में हिजाब के बिना हिस्सा लिया। अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ की वेबसाइट के अनुसार, खादेम दुनिया में चेस प्लेयर की रैंक में 804वें पायदान पर हैं।

**सारा खादेम को फोन पर मिल रहीं धमकियां :** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सारा खादेम को कई फोन कॉल आए, जिसमें उन्हें धमकी दी गई। खादेम को टूर्नामेंट के बाद ईरान वापस नहीं लौटने की चेतावनी दी गई। कॉल पर उनसे यह भी कहा गया कि अगर वह लौटीं तो वे उसकी 'समस्या का समाधान' कर देंगे। इतना ही नहीं, उनके पेरेंट्स और रिश्तेदारों तक को धमकी भरे कॉल आए।

**प्लेयर के होटल के कमरे के बाहर बॉडीगार्ड्स तैनात :** सारा खादेम फिलहाल स्पेन में हैं। धमकी मिलने के बाद उनके होटल के कमरे के बाहर बॉडीगार्ड्स तैनात किए गए हैं। मालूम हो कि ईरान में जबरन हिजाब के खिलाफ बीते साल सितंबर से ही विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ये प्रदर्शन 22 साल की महसा अमीनी की मोरैलिटी पुलिस की हिरासत में हुई मौत के बाद शुरू हुए। पुलिस ने उसे ठीक ढंग से हिजाब नहीं पहनने के आरोप में हिरासत में लिया था।

# बाजवा और फैज पाकिस्तानी हीरोइनों से बनाते थे संबंध नेताओं के हनीट्रैप में भी किया यूज : भूचाल लाने वाले दावे

*पूर्व सैन्य अधिकारी आदिल राजा ने वीडियो ब्लॉग के जरिए कई सनसनीखेज दावे किए हैं। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान के मिलिट्री ऑफिसर अपने फायदे के लिए टॉप मॉडल और एक्ट्रेस का यूज़ करते हैं।'*



**• जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज

पाकिस्तान की सेना को लेकर एक पूर्व सैनिक के दावे से देश में भूचाल आ गया है। रिटायर्ड मेजर आदिल राजा का आरोप है कि पाकिस्तानी सेना के सीनियर अधिकारी नेताओं को फंसाने के लिए अभिनेत्रियों का इस्तेमाल 'हनीट्रैप' में करते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा और पूर्व आईएसआई चीफ जनरल फैज पाकिस्तानी एक्ट्रेस को खुफिया एजेंसी के मुख्यालय या किसी सेफ हाउस में बुलाते थे और उनसे शारीरिक संबंध बनाते थे। आदिल राजा की बात करें तो वह पूर्व सैनिकों की सोसायटी के प्रवक्ता रह चुके हैं और फिलहाल लंदन में रह रहे हैं।

पूर्व सैन्य अधिकारी आदिल राजा ने वीडियो ब्लॉग के जरिए कई सनसनीखेज दावे किए हैं। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान के मिलिट्री ऑफिसर अपने फायदे के लिए टॉप मॉडल और एक्ट्रेस का यूज करते हैं। ये इन्हें बड़े नेताओं और दूसरे शक्तिशाली पदों पर बैठे लोगों के हनीट्रैप के लिए भेजते हैं और उनका वीडियो बना लेते हैं। इस तरह का काम काफी लंबे समय से हो रहा है और यह बताते हुए मुझे काफी तकलीफ हो रही है।'

**पूर्व सैनिक ने इशारे में लिए एक्ट्रेस के नाम :** आदिल राजा ने पहले इन एक्ट्रेस के नाम नहीं बताए। उन्होंने इसके लिए एमएच, एमके और एसए जैसे नामों का इस्तेमाल किया। हालांकि, राजा का यह वीडियो सोशल मीडिया पर मेहविश हयात, माहिरा खान, सजल अली और कुब्रा खान की तस्वीरों के साथ वायरल होने लगा। इसे लेकर आदिल राजा जब चारों ओर से घिरते नजर आए तो और उन्होंने सफाई दी। उन्होंने कहा, 'मैंने जिन नामों को बताया है, उन नामों से पाकिस्तान समेत पूरी दुनिया में कई मॉडल और एक्ट्रेस हैं। सोशल मीडिया के जरिए जो नाम सामने आए हैं, उनका मैं न तो समर्थन करता हूं और न ही उनकी निंदा कर रहा हूं।'

**एक्ट्रेस ने कही कानूनी कार्रवाई करने की बात :** रिटायर्ड मेजर के दावे से पाकिस्तान की फिल्म इंडस्ट्री में भी हलचल तेज हो गई है। आदिल राजा की ओर से जिन एक्ट्रेस की ओर इशारा किया गया है, उन सभी ने इसकी कड़ी निंदा की है। अभिनेत्री सजल अली ने कहा कि यह उनके चरित्र को बदनाम करने का प्रयास है। वहीं, कुब्रा खान ने कहा कि वह पूर्व पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगी। दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसक उन्हें मानहानि का मुकदमा करने की सलाह दे रहे हैं। अब देखना है कि यह मामला कितना आगे तक जाता है और इसमें किसी तरह की कानूनी कार्रवाई होती है या नहीं।

# नफरत फैलाने वाला भाषण इंसान को गरिमा के अधिकार से वंचित करता है... सुप्रीम कोर्ट जज की टिप्पणी

*जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि नफरत फैलाने वाला भाषण असमान समाज का निर्माण करते हुए मूलभूत मूल्यों पर प्रहार करता है और विविध पृष्ठभूमियों, खासतौर से हमारे भारत जैसे देश के, नागरिकों पर भी प्रहार करता है।*



**• जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना ने मंगलवार को कहा कि नफरत फैलाने वाला भाषण इंसान को सम्मान के अधिकार से वंचित करता है। उन्होंने कहा कि भारत में मानवीय गरिमा न केवल एक मूल्य है बल्कि एक अधिकार है जो लागू होना चाहिए। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि मानवीय गरिमा आधारित लोकतंत्र में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का इस्तेमाल इस तरह से किया जाना चाहिए जो सब नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करे और उसे बढ़ावा दे।

जस्टिस नागरत्ना पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ का हिस्सा थीं जिसने मंगलवार को व्यवस्था दी कि उच्च सार्वजनिक पदों पर आसीन पदाधिकारियों की 'वाक एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' के मौलिक अधिकार पर अतिरिक्त पाबंदी नहीं लगाई जा सकती क्योंकि इस अधिकार पर रोक लगाने के लिए संविधान के तहत पहले से विस्तृत आधार मौजूद हैं।

**मुद्दों पर अलग विचार प्रकट किया :** जस्टिस नागरत्ना ने उच्च पदों पर आसीन सरकारी अधिकारियों पर अतिरिक्त पाबंदियों के व्यापक मुद्दे पर सहमति जताई, लेकिन विभिन्न कानूनी मुद्दों पर अलग विचार प्रकट किया। इनमें एक विषय यह है कि क्या सरकार को उसके मंत्रियों के अपमानजनक बयानों के लिए अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार के किसी कामकाज के संबंध में या सरकार को बचाने के लिए एक मंत्री द्वारा दिये गये बयान को सामूहिक जिम्मेदारी के सिद्धांत को लागू करते हुए अप्रत्यक्ष रूप से सरकार का बयान बताया जा सकता है।

**गरिमा के अधिकार से वंचित करता है :** उन्होंने कहा, 'नफरत भरे भाषण की सामग्री चाहे जो भी हो, यह इंसान को गरिमा के अधिकार से वंचित करता है।' उन्होंने कहा कि लोकतंत्र भारतीय संविधान की बुनियादी विशेषताओं में से एक है, इसमें यह निहित है कि बहुमत के शासन में सुरक्षा और समावेश की भावना होगी। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बेहद आवश्यक अधिकार है ताकि नागरिकों को शासन के बारे में अच्छी तरह जानकारी हो।

# रिलायंस ने की इस साल की पहली बड़ी डील 100 साल पुरानी कंपनी पर लगाया दांव

**• जालंधर ब्रीज.** मुंबई



मुकेश अंबानी के रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) की एफएमसीजी कंपनी रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने साल 2023 की पहली बड़ी डील की है। रिलायंस कंज्यूमर ने 100 साल पुरानी कंपनी Sosyo Hajoori बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड में 50% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। इस तरह दोनों कंपनियों की बराबर हिस्सेदारी होगी और इसमें रिलायंस कंज्यूमर ज्वाइंट वेंचर के तौर पर काम करेगी।

1923 में कंपनी की स्थापना: आपको बता दें कि गुजरात में कंपनी का मुख्यालय है और यह Sosyo ब्रांड के तहत सॉफ्ट ड्रिंक कारोबार में है। इस कंपनी की स्थापना 1923 में हुई थी और इसका प्रमोटर हजूरी परिवार है। इसकी स्थापना अब्बास अब्दुलरहीम हजूरी ने की थी। अब्बास हजूरी और उनके बेटे अलियासगर हजूरी द्वारा संचालित कंपनी के पोर्टफोलियो में कई बेवरेज ब्रांड हैं जिनमें सोस्यो, कश्मीरा, लेमी, जिनलिम, रनर, ओपनर, हजूरी सोडा और S eau शामिल हैं।

**क्या कहा ईशा अंबानी ने :** रिलायंस रिटेल की कार्यकारी निदेशक ईशा अंबानी ने कहा कि यह निवेश हमें स्थानीय विरासत ब्रांडों को सशक्त बनाने और उन्हें आगे बढ़ाने में मदद करेगा। हम अपने उपभोक्ता ब्रांड पोर्टफोलियो में सदियों पुराने Sosyo के ब्रांडों का स्वागत करते हैं।

रिलायंस कंज्यूमर के साथ ज्वाइंट वेंचर पर बोलते हुए Sosyo हजूरी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष अब्बास हजूरी ने कहा कि इस साझेदारी से हमें खुशी हो रही है। यह डील Sosyo को तेजी से अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद कर सकता है। इस ज्वाइंट वेंचर के साथ रिलायंस को प्रतिष्ठित ब्रांड कैंपा का अधिग्रहण करने के बाद पेय खंड में अपने पोर्टफोलियो को और मजबूत करने की उम्मीद है।

# एलएसी पर तनातनी के बीच बड़ी तैयारी, 300 लॉजिस्टिक रफ टेरेन व्हीकल्स खरीदेगी सेना; जानें क्यों यह जरूरी

*भारतीय सेना ने 300 स्वदेशी लॉजिस्टिक रफ टेरेन व्हीकल्स खरीदने की योजना बनाई है, जिनका इस्तेमाल भारी चीजों के आवाजाही और मध्यम से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हताहतों की निकासी के लिए होगा।*

**• जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

भारत और चीन के बीच एक बार फिर लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर तनातनी बढ़ी हुई है। इसे देखते हुए, भारतीय सेना की ओर से किसी भी आपात स्थिति से निकटने की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आर्मी ने 300 स्वदेशी लॉजिस्टिक रफ टेरेन व्हीकल्स खरीदने की योजना बनाई है, जिनका इस्तेमाल भारी चीजों के आवाजाही और मध्यम से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हताहतों की निकासी के लिए होगी। सैन्य मामलों के जानकार अधिकारियों ने बताया कि इन्हें खरीदने के लिए आपातकालीन खरीद के तहत फास्ट-ट्रैक प्रक्रिया लागू होगी।

सेना की ओर से इन वाहनों की खरीद को लेकर बोलीदाताओं की भागीदारी के लिए अनुरोध प्रस्ताव पिछले दिनों को सामने आया। इसमें बताया गया कि ये वाहन हेलीकॉप्टर ट्रांसपोर्टेबल होने चाहिए और इन्हें 16,000 फीट की ऊंचाई पर ऑपरेट किया जा सके। साथ ही ये बर्फ से ढके उबड़-खाबड़ इलाके में भी काम करने में सक्षम हों ताकि ये लास्ट-माइल डिलिवरी टास्क को पूरा कर सकें।

**क्या होगी इन व्हीकल्स की खासियत :** आर्मी की योजना इन वाहनों को ऐसी जगह पर ऑपरेट करने की है जहां तापमान माइनस 20 डिग्री से लेकर प्लस 45 डिग्री सेल्सियस के बीच हो। इन व्हीकल्स में इनबिल्ट कोल्ड इंजन स्टार्ट सिस्टम का होना एक और अहम शर्त है। साथ ही इनका इंजन पावर और ऑपरेटिंग रेंज 30 एचपी और 100 किमी से कम नहीं होना चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के वाहनों की तैनाती लद्दाख और ईस्टर्न सेक्टर में हो सकती है।



**सेना धीरे-धीरे अपनी क्षमताओं को कर रही अपग्रेड :** भारत की सेना चीन से लगने वाले इलाकों में धीरे-धीरे अपनी क्षमताओं को अपग्रेड कर रही है। इनमें आर्टिलरी गन, स्वार्म ड्रोन सिस्टम, लंबी दूरी के रॉकेट, दूर से संचालित हवाई प्रणाली और हाइली-मोबिलिटी प्रोटेक्टेड व्हीकल्स की उपलब्धता शामिल है। इसके साथ ही पर्वतीय युद्ध और भविष्य के पैदल सेना के लड़ाकू वाहनों के लिए हल्के टैंकों के विकास पर भी जोर दिया जा रहा है।

**कॉन्टैक्ट साइन होने के 12 महीने के अंदर वाहनों की डिलीवरी :** आरएफपी में बताया गया है कि न्यू लॉजिस्टिक्स रफ टेरेन व्हीकल्स में रोलओवर प्रोटेक्शन सिस्टम होना चाहिए। साथ ही इनकी सर्विस लाइफ कम से कम 9 साल या फिर 80,000 किमी तक चलने की हो। यह भी साफ कर दिया गया है कि इन वाहनों की डिलीवरी कॉन्टैक्ट साइन होने के 12 महीने के अंदर हो जानी चाहिए। इसके अलावा, इसमें इन व्हीकल्स के ऑपरेटर्स के लिए प्रोडक्ट सपोर्ट, इंजीनियरिंग सपोर्ट पैकेज, पुर्जों व ट्रेनिंग पैकेज का जिक्र किया गया है।

# डॉ. इन्दरबीर सिंह निज्जर ने बिल्डिंग प्लान, एनओसी और सीएलयू के लंबित मामलों को रिविऊ किया

**बोले- मान सरकार बुनियादी सहूलतें और प्रदूषण रहित वातावरण मुहैया करवाने को लगातार प्रयत्नशील**

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़



मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य के लोगों को बुनियादी सहूलतें, साफ़- सुथरा और प्रदूषण रहित वातावरण मुहैया करवाने के लिए लगातार प्रयत्नशील है। यह प्रगटावा करते हुये स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. इन्दरबीर सिंह निज्जर ने बताया कि राज्य सरकार लोक हित में फ़ैसले ले रही है। स्थानीय निकाय मंत्री ने विभाग से सम्बन्धित पंजाब के अलग-अलग मुद्दों सम्बन्धी रिविऊ मीटिंग गुरुवार को म्युनिसिपल भवन सैक्टर-35 चंडीगढ़ में की। डॉ. निज्जर ने इस दौरान बिल्डिंग प्लान, एनओसी और सीएलयू के मामलों की पैडैंसी को रिविऊ किया गया और अधिकारियों को पैंडिंग पड़े मामलों का तुरंत निपटारा करने के आदेश दिए गए जिससे राज्य के लोगों को बेहतर सहूलतें मुहैया करवाई जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि शहरी क्षेत्रों में हो रहे अवैध निर्माण चिंता का विषय है। इसलिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अवैध निर्माणों के विरुद्ध तुरंत बनती कार्यवाही अमल में लाई जाये।

कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सडक़ों, पार्कों, गरिल्लों, स्ट्रीट लाईटों का रख- रखाव/रिपेयर पहल के आधार पर करवाया जाना यकीनी बनाया जाये। इसके इलावा शहर की साफ़ सफ़ाई, सार्वजनिक स्थानों और सार्वजनिक शौचालयों को साफ़-सुथरा रखने और सडक़ों के आसपास लटकती ग़ैर-कानूनी तारों को हटाने सम्बन्धी पहल के आधार पर कार्यवाही करने के लिए आदेश दिए। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार का मुख्य उद्देश्य लोगों को बुनियादी सहूलतें और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन मुहैया करवाना है। इसलिए उन्होंने कमिशनर, नगर निगमों और अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (शहरी विकास) को लोगों की समस्याएँ सुनने के लिए कैंप लगाने और लोगों की समस्याओं का मौके पर निपटारा करने के भी आदेश दिए।

इस मौके पर मीटिंग में प्रमुख सचिव स्थानीय निकाय, डायरैक्टर स्थानीय निकाय, समूह कमिनशर नगर निगमों और अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (शहरी विकास) और स्थानीय सरकार विभाग के अन्य उच्च अधिकारी शामिल थे।

**स्वास्थ्य मंत्री चेतन सिंह जौड़ामाजरा द्वारा औचक निरीक्षण की शुरुआत**

# पंजाब में जल्द शुरू होगी लीवर ट्रांसप्लांट की सुविधा

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़



पंजाब की स्वास्थ्य संस्थाओं के कामकाज में सुधार लाने और डाक्टरी सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने राज्य भर की स्वास्थ्य संस्थाओं में दीं जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायज़ा लेने के मद्देनज़र औचक निरीक्षण मुहिम शुरू की।

अपनी किस्म के ऐसे पहले दौरे के मौके पर उन्होंने मोहाली में लीवर सर्ज़री के लिए जल्द कार्यशील होने वाले पंजाब इंस्टीट्यूट आफ लीवर एंड बायिलरी साइंसज़ के कामों का निरीक्षण किया। जहाँ उन्होंने पहल के आधार पर काम में तेज़ी लाने के निर्देश दिए और 50 बिस्तरों वाले इस सुपर-स्पैशलिटी अस्पताल को जल्द शुरू करने का भरोसा दिया। जो न केवल जिगर और बिलीरी रोगों के निदान और प्रबंधन के लिए सैंटर आफ एकसीलैंस साबित होगा बल्कि हैपेटो-बिलरी साईंस के क्षेत्र में उन्नत प्रशिक्षण और अनुसंधान प्रदान करेगा।

जौड़ामाजरा ने उम्मीद जतायी कि यह प्रोजैक्ट लोगों को सस्ती दरों पर मानक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सफल होगा और पंजाब के लिए स्वास्थ्य-बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने वाला बड़ा प्रोजैक्ट सिद्ध होगा।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली यह सरकार लोगों की भलाई के लिए पूरी तनदेही से काम कर रही है और लोगों को सेवाएं प्रदान करने में किसी किस्म की कोई कमी नहीं रहने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे दौरे भविष्य में भी जारी रहेंगे और वह किसी भी स्वास्थ्य संस्था का अचानक दौरा कर सकते हैं जिससे आम आदमी पार्टी की सरकार को लेकर लोगों के सपने जल्दी ही पूरे हो सकें।

# वाईएसएल के निर्माण की मांग कर सीएम मान ने पंजाब का पुत्त होने का निभाया फर्ज : कंग

***कहा, 'आप' सरकार सभी कानूनी विकल्पों पर करेगी विचार, हमारे पास पानी की एक भी अतिरिक्त बूंद नहीं***

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़



आम आदमी पार्टी (आप) ने विरोधी पार्टियों पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस और अकाली दल ने अपने निजी स्वार्थ के लिए सतलुज यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर के निर्माण की मंजूरी दी थी। इसीलिए दोनों पार्टियों की इस मुद्दे का हल करने की कभी कोई मंशा नहीं रही। गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में 'आप' पंजाब के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने पार्टी प्रवक्ता गोविंदर मित्तल और वरिष्ठ नेता इकबाल सिंह के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब के पुत्त मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कल केंद्र सरकार के समक्ष पंजाब का मामला मजबूती से रखा। पहली बार पंजाब के किसी मुख्यमंत्री ने एसवाईएल की जगह वाईएसएल(यमुना सतलुज लिंक) के निर्माण की मांग की है।

उन्होंने पिछले मुख्यमंत्रियों प्रकाश सिंह बादल और कैप्टन अमरिंदर सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों ने एसवाईएल मुद्दे पर पंजाब के अधिकारों को कमजोर करने के लिए गुप्त रूप से काम किया था। 1978 में जब बादल मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने अपने हरियाणा के समकक्ष देवी लाल को एसवाईएल नहर के लिए सर्वेक्षण करने की अनुमति दी थी और जमीन अधिग्रहण के लिए अधिसूचना भी जारी कर दी थी। वहीं कैप्टन अमरिंदर सिंह ने तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी के निर्देश पर एसवाईएल का शिलान्यास किया था।

विधानसभा के रिकॉर्ड का जिक्र करते हुए कंग ने कहा कि हरियाणा के सीएम चौधरी देवीलाल ने एक सत्र में अपने संबोधन के दौरान कहा भी था कि "जो पिछली सरकारों के मुख्यमंत्री नही कर पाए मैं अपने प्रिय मित्र प्रकाश सिंह बादल की मदद से करूँगा"। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि अकाली दल(बादल) और कांग्रेस ने हमेशा पंजाब के हितों के खिलाफ काम किया है।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि 'आप' सरकार पंजाब के पानी की रक्षा के लिए सभी कानूनी विकल्पों पर विचार करेगी क्योंकि पंजाब के पास पानी की एक भी अतिरिक्त बूंद नहीं है।

# डेयरी इंटरप्राइज ट्रेनिंग कोर्स 9 से

• जालंधर ब्रीज.फगवाड़ा/कपूरथला

पंजाब डेयरी विकास बोर्ड/विभाग की तरफ से डेयरी किसानों को कुशल बनाने और पशुओं की संभाल संबंधी प्रशिक्षण के लिए चार सप्ताह का डेयरी उद्यम प्रशिक्षण कोर्स 09 जनवरी से फगवाडा में शुरू किया जा रहा है। डिप्टी डायरैक्टर डेयरी कपूरथला दविंदर सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण कोर्स में डेयरी किसानों को कुशल डेयरी मैनेजर बनाने के लिए पशु देखभाल, विभिन्न बीमारियों, इरादतन गर्भधारण, दूध से दूध पर्दाथ तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इच्छुक डेयरी किसान जो कम से कम 10वीं पास हों, आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हों, ग्रामीण क्षेत्र के हों और कम से कम 05 पशु रखे हो, वे इस प्रशिक्षण कोर्स में भाग ले सकते है। डिप्टी डायरैक्टर ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान मॉडल पशुशालाओं के निर्माण, दुग्ध मशीनों के निर्माण और आवश्यक तकनीकों और सब्सिडी के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार 6 जनवरी तक डिप्टी डायरेक्टर डेयरी कपूरथला के दफ्तर में उपस्थित होकर फार्म प्राप्त कर सकते है। चुनाव हुए प्रशिक्षु जनरल वर्ग के लिए 5000/- एवं अनुसूचित जाति के लिए 4000/- फीस होगी। इच्छुक व्यक्ति इस दफ्तर से विवरणिका लेकर चुनाव हेतु अपना आवेदन पत्र दिनांक 06/01/2023 तक जमा कर सकते है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए दफ्तर के फोन नंबर: 9465465707, 9463022612 पर संपर्क किया जा सकता है।

# वित्तिय तौर पर साक्षर महिलाएं ही आर्थिक तौर पर हो सकती है स्वतंत्र : कोमल मित्तल



***लिटरेरी सोसायटी व इंडियन कौंसिल ऑफ सोशल वेलफेयर की ओर से वित्तिय साक्षरता कार्यशाला आयोजित, एचडीएफसी बैंक के अधिकारियों ने महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं व वित्तिय धोखाधड़ी से सर्तक रहने के लिए किया जागरुक***

• जालंधर ब्रीज.होशियारपुर

होशियारपुर लिटरेरी सोसायटी व इंडियन कौंसिल ऑफ सोशल वेलफेयर की ओर से महिलाओं के लिए वित्तिय साक्षरता कार्यशाला रघुनाथ मंदिर व जे.सी.टी चौहाल में आयोजित की गई। मिलाप बाल संघ द्वारा संचालित सिलाई केंद्र रघुनाथ मंदिर में आयोजित समागम में वहां की छात्राओं व अन्य महिलाओं को वित्तिय तौर पर जागरुक करने और विशेष तौर पर महिलाओं के लिए उपलब्ध बैंकिंग, वित्तिय और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। एच.डी.एफ.सी बैंक के सहयोग से आयोजित इस समागम में बैंक के अधिकारियों ने महिलाएं एवं छात्राओं को विस्तार से सरकारी की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं व वित्तिय धोखाधड़ी से सर्तक रहने के बारे में भी जागरुक किया।

सूचना कमिश्नर पंजाब, खुशवंत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन करने हुए डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने कहा कि वित्तिय साक्षरता हर किसी के जीवन का एक अनिवार्य पहलू है। उन्होंने कहा कि वित्तिय तौर पर साक्षर महिलाएं ही आर्थिक तौर पर स्वतंत्र हो सकती हैं। डिप्टी कमिश्नर ने इस दौरान महिलाओं को अपना बैंक खाता खुलवाने व सरकार की सामाजिक सुरक्षा प्रोग्रामों के बारे में जानकारी देते हुए, इन योजनाओं का फायदा लेने की भी अपील की।

# पूर्व भर्ती ट्रेनिंग काडर 9 से, आवश्यक दस्तावेजों की मूल और फोटोकॉपी साथ लाएं

• जालंधर ब्रीज.जालंधर

सेना, अर्धसैनिक और पुलिस बलों की भर्ती की तैयारी के लिए योग्य उम्मीदवार के लिए जिला रक्षा सेवाए कल्याण कार्यालय, शास्त्री मार्केट, जालंधर में पूर्व भर्ती प्रशिक्षण का अगला कैडर 9 जनवरी 2023 से शुरू हो रहा है। दफ़्तर के प्रवक्ता ने बताया कि जो पुरुष उम्मीदवार भर्ती प्रशिक्षण लेना चाहते है,वे अपनी प्रारंभिक परीक्षा और स्क्रीनिंग के लिए रिपोर्ट कर सकते है।

प्रशिक्षण लेने के इच्छुक उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेजों की मूल और फोटोकॉपी साथ में जरूर लेकर आएं। प्रवक्ता ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा कोविड-19 को लेकर जारी हिदायतों की पालना यकीनी बनाई जाए। इस बारे में और अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नं. 73409-82774 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# पंजाब के 76.78 प्रतिशत नागरिकों ने लिंक किया वोटर कार्ड के साथ आधार



• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंजाब के दफ़्तर की तरफ से गुरूवार को राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ वोटर सूची (बिना फोटो) की अंतिम प्रकाशन की सीडीज़ सौंपने के लिए मीटिंग की गई। वोटर सूची को अपडेट करने सम्बन्धी विशेष मुहिम स्पैशल समरी रिवीजऩ-2023 अंतिम वोटर सूची के प्रकाशन के साथ ही समाप्त हो गई है, जिससे वोटर सूची के निरंतर अप्पडेट करने का रास्ता साफ हो गया है। मीटिंग के दौरान राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को अवगत करवाया गया कि भारतीय निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार पंजाब राज्य में स्वैच्छा से रजिस्टर्ड वोटरों के आधार नंबर एकत्रित करने की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया जा रहा है और 76.78 प्रतिशत वोटरों ने पहले ही स्वैच्छा से अपने आधार को वोटर कार्ड के साथ लिंक कर लिया है। आधार नंबर को वोटर कार्ड के साथ लिंक करने की मुहिम 31 मार्च, 2023 तक चलाई जायेगी।

# डीसी ने पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान का किया दौरा



• जालंधर ब्रीज.होशियारपुर

डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान (आर.सेटी) होशियारपुर का दौरा किया। इस दौरान संस्था के डायरेक्टर राजेंद्र कुमार भाटिया, पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख डा. राजेश प्रसाद व लीड जिला मैनेजर तरसेम सिंह पुरेवाल व आरसेटी की टीम ने डिप्टी कमिश्नर का स्वागत किया।

डिप्टी कमिश्नर ने ब्यूरी पार्लर की ट्रेनिंग का उद्घाटन किया व वुमैन टेलर की ट्रेनिंग ले चुके विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिए। पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख डा. राजेश प्रसाद ने डिप्टी कमिश्नर को बताया कि आर.सेटी का सारा खर्चा पंजाब नेशनल बैंक अपने सीएसआर फंड से करता है।

# सुपरवाईजरों के चयन संबधी आवेदकों से 11 जनवरी तक ऐतराज़ों की मांग



• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

पंजाब के समूह ज़िला प्रोग्राम अफसरों को आंगनवाड़ी वर्करों में से सुपरवाईजरों का चयन करने के लिए अस्थायी मेरिट सूचियों सम्बन्धी आवेदकों से ऐतराज़ों की माँग 11 जनवरी, 2023 तक शाम 04:00 बजे तक की गई है। आवेदक सीधे तौर पर डायरैक्टर, सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग को दस्ती तौर पर सबूतों सहित अपने ऐतराज़ दर्ज करवा सकते हैं। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया कि आईसीडीएस प्रोजैक्टों के अधीन काम कर रही आंगनवाड़ी वर्करों में से सुपरवाईजरों का सिलैक्शन करने के लिए पंजाब के समूह ज़िला प्रोग्राम अफसरों से प्राप्त हुई अस्थायी मेरिट सूचियों को मुख्यालय स्तर पर कम्पाईल करने के उपरांत विभाग की वैबसाईट (sswcd.punjab.gov.in) पर अपलोड कर दिया गया है।

कैबिनेट मंत्री ने समूह ज़िला प्रोग्राम अफसरों को हिदायत की है कि अस्थायी मेरिट सूचियों को डाउनलोड करके अपने दफ़्तर और सम्बन्धित बाल विकास प्रोजैक्ट अफसरों के दफ्तरों में नोटिस बोर्ड पर लगाया जाये। आंगनवाड़ी वर्करों को अस्थायी मेरिट सूचियों सम्बन्धी सूचित किया जाये और समूह बाल विकास प्रोजैक्ट अफसरों को इसकी तस्दीक करने के लिए हिदायत की है।

# वोटर सूची की अंतिम प्रकाशना : फगवाड़ा में सबसे अधिक और भुलत्थ में सबसे कम मतदाता

• जालंधर ब्रीज.कपूरथला



जिला चुनाव अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर विशेष सारंगल ने बताया कि भारतीय चुनाव आयोग के आदेशों अनुसार 1 जनवरी 2023 की योग्यता के आधार पर वोटर सूचियों की सरसरी सुधाई के बाद अंतिम प्रकाशना कर दी गई है। जिस अनुसार जिले में 618207 वोटर है। उन्होंने बताया कि जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों में कुल 793 पोलिंग बूथ है, जिसमें फगवाडा में 227 सुल्तानपुर लोधी में 195 कपूरथला में 196, भुलत्थ में 175 बूथ है। इसके इलावा वोटर सूची की अंतिम प्रकाशना अनुसार जिले के कुल 618207 वोटरों में 323162 पुरष एंव 295013 महिला वोटर है। फगवाडा विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 192502, सुल्तानपुर लोधी में147149 कपूरथला में 146347 और भुलत्थ में 132209 वोटर है । उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 18 -19 वर्ष आयु वर्ग के 5548 वोटर रजिस्टर्ड हुए है। जबकि शारीरिक तौर पर असमर्थ 4212 मतदाता है । बता दे कि भारतीय चुनाव आय़ोग की तरफ से साल में 4 योग्यता तिथियों के आधार पर वोटर सूची की अंतिम प्रकाशना होती है ताकि कोई भी वोटर रजिस्टर्ड होने से वंचित ना रह सके।

# 2023-24 वाले टूर्नामेंटों की सूची, एशिया कप में भारत और पाकिस्तान एक ग्रुप में



**मुंबई.** बीसीसीआई सचिव और एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष जय शाह ने 2023 और 2024 में होने वाले टूर्नामेंटों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में सितंबर में होने वाले एशिया कप भी शामिल हैं। जय शाह के मुताबिक एशिया कप सितंबर में खेला जाएगा और वह भी वनडे प्रारूप में। उन्होंने यह भी बताया कि भारत और पाकिस्तान की टीम एक ही ग्रुप में होगी। वहीं श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश दूसरे ग्रुप में है। भारत और पाकिस्तान के अलावा इस ग्रुप में एक अन्य टीम भी होगी।

हालांकि, जय शाह ने यह नहीं बताया है कि एशिया कप का आयोजन कहां होगा। पहले एशिया कप का आयोजन पाकिस्तान में होना था, लेकिन कुछ दिन पहले ही बीसीसीआई सचिव होने के नाते जय शाह ने साफ तौर पर कहा था कि भारत पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि एशिया कप न्यूट्रल वेन्यू में खेला जाएगा।

जय शाह ने लिखा कि 2023-24 के लिए एसीसी के पाथवे स्ट्रक्चर और कैलेंडर पेश कर रहा हूं। इसके बाद उन्होंने आगे लिखा कि यह इस खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के हमारे अद्वितीय प्रयासों और जुनून को दर्शाता है। शानदार प्रदर्शन के लिए तैयार देशों के क्रिकेटरों के साथ, यह क्रिकेट के लिए एक अच्छा समय होने का वादा करता है। जय शाह के मुताबिक 2023 के फरवरी में मेन्स चैलेंज कप खेला जाएगा। मार्च में मेन्स अंडर 16 रीजनल क्रिकेट होगा। अप्रैल में मेन्स प्रीमियम कप होगा। इसके अलावा जून में विमेन्स टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप खेला जाएगा। वहीं, जुलाई में मेंस इमर्जिंग टीम एशिया कप खेला जाएगा। सितंबर में मेन्स एशिया कप टूर्नामेंट होगा। वहीं, अक्टूबर में मेन्स अंडर-19 कैलेंडर कप खेले जाएंगे। नवंबर में मेन्स अंडर-19 प्रीमीयर कप खेला जाएगा। वहीं, मेन्स अंडर-19 एशिया कप का आयोजन दिसंबर में होगा।

# उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा प्रांत की 150 से भी ज्यादा खादी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ 'खादी संवाद' आयोजन

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़



खादी और ग्रामोद्योग आयोग के माननीय अध्यक्ष मनोज कुमार जी द्वारा उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा प्रान्त की 150 से भी अधिक खादी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ एक 'खादी संवाद' आयोजित किया। इस नव वर्ष पर खादी संवाद के दौरान खादी-ग्रामोद्योग कार्यक्रम के विकास एवं विस्तार के संबंध में विस्तृत चर्चा आयोजित की गई, केवीआईसी की ओर से माननीय अध्यक्ष द्वारा, खादी सूत कताई के लिए कच्चे माल के रूप में, उचित दर पर पूनी की सुलभता, कत्तिन-बुनकरों को एमएमडीए योजना के अन्तर्गत समय से सब्सिडी का भुगतान करने, जैसे विषयों के शीघ्र हल करने के लिए आश्वस्त किया।

इस अवसर पर बताया गया कि गत वर्ष की तुलना में, इस वित्तीय वर्ष में रिकॉर्ड उत्पादन एवं बिक्री हुई है तथा खादी संस्थाओं को भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में भाग लेने का भी लाभ मिला है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि इस वर्ष आईआईटीएफ मेले में 250 स्टाल के माध्यम खादी इंडिया पवेलियन आयोजित किया, जिसमे विभिन्न प्रान्तों की संस्थाओं द्वारा भाग लेकर 12.06 करोड़ रूपये की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई। यह खादी कामगारों के लिए उत्साहवर्धक रहा, जिससे उन्हें एक बड़े स्तर पर ग्राहकों की रूचि को जानने का अवसर मिला एवं उन्हें निरंतर रोजगार के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का प्रोत्साहन मिला।

आयोग के माननीय अध्यक्ष ने इस बात पर संतोष जाहिर किया कि खादी क्षेत्र में नये युवा भी जुड़ रहे हैं, एवं वे अपना उद्यम स्थापित कर, न केवल आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं अपितु अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनकर, उन्हें रोजगार भी प्रदान करने में सक्षम हो रहे हैं। उन्होंने सभी खादी संस्था प्रतिनिधियों से यह भी आह्वान किया कि खादी क्षेत्र में नये कामगारों को पारम्परिक चरखों पर प्रशिक्षण देने का कार्य करें, जिससे खादी उत्पादन में नये आयाम स्थापित हों।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.